**4. छोटे-मोटे रोगों के लिए नाना जी द्वारा बताए गए प्राथमिक उपचार और घरेलू नुस्खों को लिखकर आपने अपनी एक छोटी-सी पुस्तिका बनाई है। इसमें से प्रति सप्ताह एक नुस्खे को 'नाना जी का खजाना' शीर्षक से समाचार-पत्र में प्रकाशित किया जाने लगा है। इस बारे में बताते हुए नाना जी को पत्र लिखिए।**

**CBSE SQP (Additional Set) 2023**

**उत्तर** परीक्षा भवन,
दिल्ली।

**दिनांक** 25 अप्रैल, 20XX

पूज्य नाना जी,
सादर प्रणाम।

आशा करती हूँ कि आप सकुशल होंगे। मुझे आपको यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि आपके द्वारा बताए गए छोटे-मोटे प्राथमिक उपचार और घेरलू नुस्खों को लिखकर मैंने एक छोटी-सी पुस्तिका बनाई है। इस पुस्तिका में सप्ताह के प्रति एक-नुस्खे को 'नाना जी का खजाना' शीर्षक से नवभारत टाइम्स समाचार-पत्र में प्रकाशित किया जाने लगा है।

आपके द्वारा बताए गए घरेलू नुस्खों व उपचार को लोगों तक पहुँचाने का यह तरीका उनके स्वस्थ एवं तंदरुस्त रहने में सहायक साबित होगा।

आपके मार्गदर्शन एवं सलाह के इंतजार में।

आपका स्नेहाकांक्षी
क.ख.ग.

**5. कुछ ही समय पूर्व संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में आपके मामाजी द्वारा चुनाव जीतने पर क्षेत्र के मतदाताओं की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कामना करते हुए उन्हें बधाई पत्र लिखिए।**

**दक्षता आधारित प्रश्न**

**उत्तर** परीक्षा भवन,
दिल्ली।

**दिनांक** 22 मार्च, 20XX

पूज्य मामाजी,
सादर प्रणाम!

विधानसभा का चुनाव जीतने पर मेरी ओर से बहुत-बहुत बधाई। आपने विधानसभा का चुनाव पहली बार जीता है। आप अपने क्षेत्र के सम्माननीय व्यक्ति बन गए हैं। इससे न केवल आपका ही सम्मान बढ़ा है, बल्कि हमें भी उतना ही सम्मान मिला है। पूज्य मामाजी, विधायक बनने से आपको न केवल सम्मान मिला है, बल्कि इस क्षेत्र के लोगों की आकांक्षाओं पर खरा उतरने की ज़िम्मेदारी भी आप पर आ गई है।

आपने अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार को पचास हज़ार से अधिक वोटों से पराजित किया है। इससे आपको यह समझ लेना चाहिए कि क्षेत्र की जनता ने आप पर बहुत अधिक विश्वास किया है। आपको उस विश्वास को बनाए रखना है। मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि इस कसौटी पर आप खरे उतरें और अपने क्षेत्रवासियों का दिल अपने कार्य और व्यवहार से जीत लें।

आपका भांजा
क. ख. ग.

**6. गुड़गाँव से आपके मित्र नरेंद्र ने आपको अपनी बहन की शादी पर आमंत्रित किया है, आप परीक्षाओं में व्यस्त होने के कारण जाने में असमर्थ हैं। अपनी असमर्थता व्यक्त करते हुए नरेंद्र को एक बधाई पत्र लिखें।** **दक्षता आधारित प्रश्न, CBSE 2024**

**उत्तर** परीक्षा भवन,
दिल्ली।

**दिनांक** 07 मार्च, 20XX

प्रिय मित्र नरेंद्र,
नमस्कार!

आशा है कि तुम स्वस्थ होगे और घर पर शादी की तैयारियाँ सुचारु रूप से चल रही होंगी। यह मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है कि तुमने मुझे अपनी बहन की शादी में आमंत्रित कर अपने परिवार की खुशियों में शामिल होने का अवसर दिया लेकिन मुझे अत्यंत खेद के साथ यह कहना पड़ रहा है कि इस खुशी के अवसर पर मैं उपस्थित नहीं हो सकूँगा। इस समय मैं एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में व्यस्त हूँ और शादी वाले दिन ही मुझे परीक्षा में सम्मिलित होना है। अतः मित्र शादी में न आ सकने पर मैं तुमसे माफ़ी माँगता हूँ।

मैं भले ही आ न पाऊँ, लेकिन इस पत्र के माध्यम से दीदी के लिए शुभकामनाएँ भेज रहा हूँ। मेरी ओर से उन्हें विवाह की बहुत-बहुत बधाई। उनका नया सफ़र सुहावना हो और उन्हें अपने जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिले, ईश्वर से मेरी यही प्रार्थना है।

परीक्षा समाप्त होने के बाद मैं शीघ्र ही मिलने आऊँगा।

तुम्हारा मित्र
क. ख. ग.

**7. आपकी मित्र कृतिका ने राष्ट्रीय स्तर पर भाला फेंक प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। अब वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने जा रही है। अपने मित्र को उसकी सफल-सुखद यात्रा हेतु मंगलकामना व्यक्त करते हुए लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए।** **दक्षता आधारित प्रश्न**

**उत्तर** परीक्षा भवन,
दिल्ली।

**दिनांक** 10 मई, 20XX

प्रिय मित्र कृतिका,
नमस्कार।

आशा करती हूँ तुम वहाँ सकुशल होगी। मुझे आज यह जानकर बहुत खुशी हुई कि तुमने राष्ट्रीय स्तर पर भाला फेंक (जेवलिन थ्रो) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया है और अब अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने जा रही हो। हम सभी को तुम पर गर्व है कि तुमने न केवल अपने माता-पिता का बल्कि अपने जिले का नाम भी रोशन किया है। मेरी व मेरे परिवार की शुभकामनाएँ है कि तुम अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी प्रथम स्थान प्राप्त करो और देश का नाम रोशन करो।

एक बार पुनः मेरी ओर से तुम्हें व तुम्हारे माता-पिता को ढेरों शुभकामनाएँ।

तुम्हारी मित्र
क.ख.ग.

8. आपकी बड़ी बहन को चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त हो गया है। इस सफलता के लिए बधाई-पत्र लगभग 80-100 शब्दों में लिखिए। **CBSE 2020**

उत्तर परीक्षा भवन,
दिल्ली।
**दिनांक** 13 मार्च, 20XX
प्रिय दीदी,
सप्रेम नमस्ते।

मैं यहाँ कुशल मंगल हूँ और आशा करती हूँ कि आप भी वहाँ अच्छी होंगी। मुझे यह जानकर अत्यंत हर्ष हुआ कि आपको चिकित्सा महाविद्यालय में प्रवेश प्राप्त हो गया है। आपकी इस सफलता पर मैं आपको बधाई देना चाहूँगी। आखिरकार आपकी मेहनत रंग लाई और आपको सफलता प्राप्त हुई। ईश्वर आपको इसी प्रकार आगे भी सफल बनाए। मुझे पूर्ण विश्वास है कि भविष्य में आप इससे भी अधिक सफलता प्राप्त करोगी और एक कामयाब डॉक्टर बनकर समाज के समक्ष आदर्श प्रस्तुत करोगी। मैं भी आपकी तरह खूब मेहनत करके आपके ही चिकित्सा महाविद्यालय में दाखिला लूँगी। जैसे ही मेरी परीक्षा खत्म होगी, मैं आपसे अवश्य मिलने आऊँगी।

एक बार पुनः मेरी ओर से आपकी इस सफलता पर ढेर सारी शुभकामनाएँ।

आपकी छोटी बहन
क.ख.ग

9. आपका नाम अनामिका / अनामय है। भाषा में सुधार हेतु नियमित समाचार पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ने की आदत का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

उत्तर परीक्षा भवन,
दिल्ली
**दिनांक** 15 अप्रैल, 20XX
प्रिय अनुज,
सस्नेह।

हम सब यहाँ सकुशल हैं, आशा करते हैं कि तुम भी वहाँ कुशलता से होंगे। मेरा आज तुम्हें यह पत्र लिखने का उद्देश्य समाचार पत्र-पत्रिकाओं को पढ़ने की आदत का महत्त्व बताना है। मनुष्य के जीवन में जैसे पढ़ाई-लिखाई, खेल-कूद व व्यायाम जरूरी है, उसी प्रकार विद्यार्थी जीवन में समाचार-पत्र का नियमित अध्ययन करना भी बहुत आवश्यक है। यह हमारे सामान्य ज्ञान को अपने शहर से लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक बढ़ाता है, साथ ही यह हमारी भाषा में भी सुधार लाता है। नियमित समाचार पत्र-पत्रिकाओं के अध्ययन से हमें नित नए - नए शब्दों तथा उनके अर्थ व प्रयोग का ज्ञान होता है। इससे हमारी मौखिक व लिखित भाषा समृद्ध होती है।

अतः हमें जागरूक बनने व भाषा में सुधार के लिए नियमित रूप से समाचार पत्र-पत्रिकाओं को पढ़ने की आदत डालनी चाहिए। आशा करता हूँ कि तुम मेरी बातों पर गौर करोगे और रोज समाचार-पत्र पढ़ने की आदत डालोगे।

माताजी और पिताजी की ओर से आशीर्वाद शेष मिलने पर
तुम्हारा भाई
अनामय

10. अपने प्रिय मित्र को पत्र लिखकर धन्यवाद दीजिए कि आड़े वक्त में उसने किस तरह आपका साथ दिया था। **CBSE 2019**

उत्तर परीक्षा भवन,
दिल्ली।
**दिनांक** 6 अप्रैल, 20XX
प्रिय मित्र संभव,
सप्रेम नमस्कार!

आशा करता हूँ कि तुम वहाँ सकुशल होंगे। मैं भी अब विपरीत परिस्थितियों से उभर चुका हूँ। मित्र तुमने मेरी जो सहायता कि है उसके लिए मैं तुम्हारा बहुत आभारी हूँ। तुम जानते ही हो मैं कितनी विषम परिस्थितियों से गुजर रहा था। मेरी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं थी। पत्नी का स्वास्थ्य भी खराब था। वह कई दिनों से अस्पताल में भर्ती थी। उसके इलाज के लिए मुझे पाँच हजार रुपयों की आवश्यकता थी। दो हजार रुपयों की व्यवस्था मैं कर चुका था, किंतु तीन हजार रुपयों की व्यवस्था मेरे लिए मुश्किल हो रहा था। तुमने तीन हजार रुपये उधार देकर मुझ पर बहुत बड़ा उपकार किया है।

मैंने अपने सभी सगे-संबंधियों से बात की, किंतु सभी ने मेरी सहायता करने से मना कर दिया।

मैं परेशान हो गया था, समझ नहीं आ रहा था कि क्या करूँ। ऐसे मुश्किल समय में एक तुम ही मेरे, प्रिय मित्र थे, जिसने मेरे आड़े वक्त में मेरी सहायता की। मैं जल्दी ही तुम्हारे रुपये लौटा दूँगा। तुम्हारे द्वारा आवश्यकता के समय मुझे दिए गए ऋण के लिए मैं दिल से तुम्हारा धन्यवाद करता हूँ।

तुम्हारा मित्र
क. ख. ग.

11. पटाखों से होने वाले प्रदूषण के प्रति ध्यान आकर्षित करते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए। **CBSE 2018**

उत्तर परीक्षा भवन,
दिल्ली।
**दिनांक** 19 अप्रैल, 20XX
प्रिय मित्र सौरवद्ध,
नमस्कार!

आशा करता हूँ कि तुम वहाँ सकुशल होगे। मैं भी यहाँ अच्छा हूँ। मित्र इस वर्ष दिवाली पर तुम्हारा क्या कार्यक्रम है? दिवाली का पर्व हम सभी के जीवन में खुशियाँ लेकर आता है, किंतु यह अत्यंत ही दुःख की बात है कि दिवाली पर होने वाली आतिशबाजियों व पटाखो के जलने के कारण वातावरण प्रदूषित तो होता ही है, साथ ही इससे कई लोगों की सेहत पर बहुत बुरा प्रभाव भी पड़ता है। दिवाली के उत्सव पर छोड़े जाने वाले तेज आवाज़ वाले पटाखे पर्यावरण पर कहर बरसाने के अतिरिक्त जन स्वास्थ्य को खतरे मे डाल देते है। इसके कारण दिल के दौरे, रक्तचाप, दमा, एलर्जी, ब्रोंकाइटिस और निमोनिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है। पटाखों से निकलने वाला धुआँ फेफड़ों को बेकार कर देता है। इससे जान को भी खतरा हो सकता है।